आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

30.01.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली की आई.आर.आई.एस. प्रमाणपत्र हेतु अनुशंसा

भारतीय रेल की सभी उत्पादन ईकाइयों को रेलवे बोर्ड द्वारा निर्देश दिए गए थे कि वे अपने उत्पादन प्रणाली को व्यवस्थित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय रेलवे इंडसट्री स्टैंडर्ड (IRIS) के अनुरूप प्रमाणित करवायें।

रेलवे संचालन की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विश्व स्तर पर रेलवे संचालकों, रेल प्रणाली प्रबंधकों और सामग्री उत्पादक ने आई.आर.आई.एस. मानक के अनुरूप अपने संस्थाओं को प्रमाणित करवाना शुरू कर दिया है जो कि विश्वव्यापी आइ.एस.ओ. 9001 गुणवत्ता मानकों के रेलवे संबंधि विशिष्ट आवश्यकताओं हेतु पूरक है।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली आज भारतीय रेलवे की पहली उत्पादन इकाई बन गयी है जिसको आई.आर.आई.एस. प्रमाणपत्र हेतु मेसर्स क्यू.एम.एस. इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के आडिटर द्वारा अनुशंसित किया गया।

श्री आर.के. प्रधान क्यू.एम.एस. संस्था के ऑडिट टीम लीडर ने अपनी प्रस्तुति के बाद आरेडिका में आयोजित विशेष बैठक में सभी विभागाध्यक्षों की उपस्थिति एवं महाप्रबंधक आरेडिका की प्रधानगी में इस आशय का वक्तव्य दिया और आरेडिका को इस आई.आर.आई.एस. प्रमाणपत्र हेतु अनुशंसित किया। महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा ने टीम आरेडिका को इस कार्य सिद्धी पर बहुत–बहुत बधाई दी और भविष्य में लगातार उत्पादन प्रणालियों में सुधार करते हुए इस क्षेत्र में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

30/1

(आर.पी. शर्मा)

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी